न्यायालय तहसीलदार महवा जिला दौसा (राज.)

मिसल नम्बर 253/18 तारीख रजू 23/1/18 रिपोर्ट पटवारी हल्का खेड़ापुरी बनाम श्री प्रहलाद पुत्र रामचन्द्र जाति गुर्जर निवासी समसपुर तहसील महवा

अन्तर्गत धारा 91 राज. भू-राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय

दिनांक 20/2/18

आज यह पत्रावली बमुकाम महवा हमारे समक्ष पेश हुई पटवारी हल्का की रिपोर्ट है कि उक्त श्री प्रहलाद ने ग्राम समसपुर को भूमि ख.न. 435 रकबा 0.50 किस्म चरागाह फसल रबि / खरीफ संवत 2074 में सरसों कर अतिक्रमण किया है । इस पर अप्रार्थी के विरूद्ध प्रकरण अंतर्गत धारा 91 राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 दर्ज किया जाकर नोटिस जारी किया जो बाद तामिल शामिल पत्रावली है। अप्रार्थी उपस्थित आया। ~~उसके द्वारा जबाब प्रस्तुत किया गया जो शामिल पत्रावली किया गया उक्त जबाब में~~ उसके द्वारा अपने बचाव मे कोई खास गवाह / सबूत प्रस्तुत नही किया है। मुताबिक रिपोर्ट पटवारी अतिक्रमण की पुष्टि होती है प्रकरण नियमन योग्य नही है। अतिक्रमी दोषी है।

अतः आदेश है कि अप्रार्थी को अतिक्रमित आराजी ख.न. 435 रकबा 0.50 किस्म चरागाह वाके ग्राम समसपुर से बेदखल किया जाता है । तथा अप्रार्थी को अतिक्रमित भूमि के वार्षिक लगान का 8.00 का 50 गुणा 400 रु. शस्ति से दण्डित किया जाता है । तथा इस पर खडी फसल सरसों को निलाम किये जाने के आदेश दिये जाते हैं । भू.अभिलेख निरीक्षक व पटवारी को अप्रार्थी की खडी फसल को ~~नष्ट~~ / नीलाम करने तथा भौतिक रुप से अतिक्रमित भूमि से बेदखल करने तथा पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी हों । तहसील राजस्व लेखाकार व पटवारी को मांग कायमी वसूली हेतु लिखा जावें । पत्रावली फैसल शुमार हो । नम्बर से कम हो ।

निर्णय खुले न्यायालय मे सुनाया गया ।

तहसीलदार
तहसील-महवा (दौसा)
तहसीलदार महवा

रजिस्टर ... नं. 55 पर
वर्ष 2017-18 ... नीलामी
की ... 400 रु.
की जमा ...
दिनांक 5/3/18 ... लेखाकार
तहसील-महवा

नम्बर व ता...
अहकाम जो ...
हुक्म की तामील
में जारी हुए